भारत सरकार

योजना मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 570

दिनांक 27 नवंबर, 2014 को उत्तर देने के लिए

आधार कार्ड योजना की वर्तमान स्थिति

570. श्री विशम्भर प्रसाद निषादः

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) "आधार कार्ड योजना" की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सभी नागरिकों को आधार कार्ड प्रदान कर दिए गए हैं;

(ग) इस योजना पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; और

(घ) इस योजना को पूरा किए जाने की समय सीमा क्या है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)- योजना मंत्रालय

तथा रक्षा राज्य मंत्री

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) दिनांक 15.11.2014 तक कुल 70.43 करोड़ आधार कार्ड बनाये गये हैं।

(ख) आधार कार्ड देश के निवासियों को जारी किया जाता है और यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है।

(ग) आरंभ से लेकर 31 अक्तूबर, 2014 तक इस स्कीम पर 5181 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं।

(घ) हालांकि सार्वभौमिक नामांकन के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है, यह उल्लेखनीय है कि आधार नामांकन स्वैच्छिक आधार पर किया जा रहा है, और यह एक सतत प्रक्रिया है।

****